(c) Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI HARMOHAN DHAWAN) (a) Yes, Sir

(b) The main issues discussed were

(i) Shortage of capacity on the domestic sector,

(ii) Facilities to passengers of Indian Airlines for checking in and flight information,

(iii) Gulf crisis and its impact on Air India,

(iv) Improved facilities to international passengers

(c) The A320 aircraft has been re inducted in the domestic sector with effect from 3rd December, 1990 in a phased manner This will help relieve the shortage of capacity in the domestic sector The facilities to passengers of Indian Airlines for checkng in and flight information are being constantly improved The facilities at the airports for domestic and international passengers are also being continuously upgraded

**सातवीं योजना अवधि में किया गया ज्वार तथा सौर ऊर्जा का उत्पादन**

1206. श्री अजीत जोगी :

कुमारी आलिया :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवी योजना अवधि मे कुल कितनी मात्रा मे ज्वार तथा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया गया ,

(ख) सातवी योजना के अन्तिम वर्ष मे ऐसी ऊर्जा का कितना उत्पादन हुआ, और

(ग) आठवी योजना अवधि मे इस का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बाबनराव धाकने) : (क) और (ख) सातवी योजना के दौरान ज्वारीय और सौर स्रोतो से वाणिज्यिक स्तर पर विद्युत ऊर्जा का उत्पादन शुरू नही किया गया था । तथापि, सातवी योजना के दौरान घरेलू और सड़क रोशनी, बैटरी चार्जिंग, जल पंपन तथा सूक्ष्म-तरंग रिपीटर केन्द्रो में प्रयोग की जाने वाली सौर प्रकाशवोल्टीय प्रणालियो और युक्तियो से कुल ऊर्जा का उत्पादन लगभग 11.25 मिलियन यूनिट होने का अनुमान है जिसमे सातवी योजना के अंतिम वर्ष मे उत्पादित 4 मिलियन यूनिट से अधिक विद्युत भी शामिल है । इसके अलावा, सौर तापीय प्रणालियो जैसे सौर कुकरो, सौर जल तापन प्रणालियो के उपयोग से खाना पकाने तथा तापन अनुप्रयोगो के लिए उपयोग किए जा रहे ऊर्जा के अन्य स्रोतो मे महत्वपूर्ण बचत हुई है ।

(ग) आठवी योजना को अंतिम रूप नही दिया गया है ।

**व्यावसायिक कालेज खोलना**

1207. श्री अजीत जोगी :

कुमारी आलिया :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या देश मे व्यावसायिक कालिजो के खोले जाने के संबंध मे कोई रोक लगाई गई है ;

(ख) यदि हा, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या यह रोक उन राज्यो के लिए उठा ली जाएगी जहा व्यावसायिक कालेजो की संख्या अपेक्षाकृत कम है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भार्गव गोवर्धन) : (क) से (ग) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् जनशक्ति-अपेक्षा, उभरते हुए शिक्षा क्षेत्रों के विकास, वित्तीय व्यवहार्यता आदि जैसे अनेक घटको पर विचार करने के बाद ही नई तकनीकी संस्थाओ